ट्राफिक संकेत और सायकिल सवार लोग

सड़कों से पैदल लोगों और सायकिल चालकों को बेदखल किया जाना सिर्फ हमारे देश की समस्या नहीं है। वास्तव में आजकल सड़कें पैदल लोगों और सायकिल सवारों के लिए खतरनाक जगह बन गई है। हमारे देश में ऐसे आंकड़े टुकड़ों-टुकड़ों में उपलब्ध हैं। जैसे चंडीगढ़ में वर्ष 2013 में सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए 117 लोगों में से 76 पैदल और सायकिल सवार थे। दिल्ली में प्रतिदिन पांच व्यक्ति सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं और इनमें से चार पैदल या सायकिल सवार होते हैं। यूएस में 2013 में 750 सायकिल सवार सड़क पर जान से हाथ धो बैठे थे और इनमें से एक-तिहाई को किसी कार ने टक्कर मारी थी।

इन चिंताजनक आंकड़ों को देखते हुए जॉर्ज हेस और निल्स पैटरसन ने यह देखने की कोशिश की कि सड़कों पर यातायात के जो संकेत लगे होते हैं वे कितने कारगर हैं। यूएस के 50 प्रांतों में यातायात के नियमों में कहा गया है कि सायकिलों को वाहन माना जाएगा। इसका मतलब होता है कि उन्हें सड़क का इस्तेमाल करने का बराबरी का अधिकार है। मगर यह नियम स्पष्ट नहीं है। कई जगहों पर लगे यातायात संकेत में लिखा होता है, "सड़क साझा करें"। सायकिल सवार मानते हैं कि इसका मतलब है कि कारों को सायकिलों के लिए जगह देनी चाहिए मगर कार चालकों को लगता है कि इसका अर्थ है कि कारें सड़क को आपस में साझा कर लें, सायकिलों को सड़क से बाहर ही रहना चाहिए।

इस बात को समझने के लिए शोधकर्ताओं ने 1800 वालंटियर्स का एक सर्वेक्षण किया। इन वालंटियर्स को चार में से कोई एक संकेत दिखाया गया। कुछ को दिखाए गए संकेत पर लिखा था, 'सड़क साझा करें'। कुछ को दिखाए गए संकेत में एक तस्वीर थी जिसमें एक सायकिल सवार को साझा लेन में दर्शाया गया था। एक संकेत पर लिखा था, 'सायकिल सवार पूरी लेन का उपयोग कर सकते हैं'। कुछ को ऐसी सड़क दिखाई गई जिस पर कोई संकेत नहीं था।

परिणाम यह था कि जब संकेत यह कहता था कि 'सायकिल सवार पूरी लेन का उपयोग कर सकते हैं' तब यह बात सबसे स्पष्ट समझ में आती है कि सायकिल सवारों को सड़क पर चलने का अधिकार है। 'सड़क साझा करें' का संकेत तो लगभग निष्प्रभावी रहा।

पता नहीं अपने देश में इन बातों का कोई अर्थ है या नहीं, क्योंकि यातायात संकेत कौन देखता है और देखकर भी कौन परवाह करता है। हमारे यातायात विभागों को तो कोई ज़्यादा कारगर तरीका ढूंढना पड़ेगा, तभी सड़कें सबके लिए सुरक्षित हो पाएंगी। ***(स्रोत फीचर्स)***